जनपद शामली पुलिस

--मीडिया / सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेसविज्ञप्ति   दिनांक 08.08.2022

थाना कैराना

थाना कैराना पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में वांछित 01 अभियुक्त किया गिरफ्तार ।

आज दिनांक 08.08.2022 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के प्रयास के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के अन्य साथी फरार है , जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

विदित हो कि दिनांक 16.07.2022 को श्री इरसाद पुत्र अलीहसन निवासी ग्राम अकबरपुर सुन्हैटी थाना कैराना जनपद शामली द्वारा उसके लड़के अरमान के साथ काम करने को लेकर हुए विवाद में कई अभियुक्त यामीन व उसके साथियों द्वारा वादी के घर मे घुसकर मारपीट कर घायल करने के संबंध में थाना कैराना पर लिखित तहरीर दाखिल कर अभियोग पंजीकृत कराया गया था।

नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगणः-

1-यामीन पुत्र रहम अली निवासी ग्राम अकबरपुर सुन्हैटी थाना कैराना जनपद शामली।

थाना आदर्श मण्डी

थाना आदर्श मण्डी पुलिस द्वारा 02 मोबाइल चोर गिरफ्तार , कब्जे से चोरी के 02 मोबाइल बरामदः-

आज दिनांक 08.08.2021 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री अभिषेक के आदेशानुसार चलाये जा रहे चौकिंग वाहन/व्यक्ति/चोर की गिरफ्तारी के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना आदर्शमण्डी पुलिस द्वारा सूचना पर 02 मोबाइल चोरो को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। जिनके कब्जे से चोरी के 02 मोबाइल बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना आदर्श मण्डी पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

ज्ञात हो कि दिनांक 08.07.2022 को वादी श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री सोमपाल सिंह निवासी ग्राम बधेव थाना आदर्श मण्डी जनपद शमाली द्वारा थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली पर 02 मोबाइल फोन ओप्पो एम- 2 व रियल मी उसके घर से अज्ञात चोरा द्वारा चोरी कर लिये जाने के संबंध मे तहरीर दाखिल की गयी थी। दाखिल तहरीर के आधार पर थाना आदर्श मण्डी पर सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-

1-सागर पुत्र विनोद निवासी ग्राम बधेव थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

2-विनित उर्फ भल्ला पुत्र अमरपाल निवासी ग्राम बधेव थाना आदर्श मण्डी जनपद शामली।

बरामदगी का विवरण-

1- चोरी के 02 मोबाइल (01 ओप्पो एम-2, 01 रियलमी कंपनी)